

# रूट की सचिन के क्लब में एंट्री

## भारत के खिलाफ शतक लगाकर रचा इतिहास, द्रविड़-स्मिथ को पीछे छोड़ा

**नई दिल्ली 11 जुलाई. इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज जो रूट ने शुक्रवार को भी अपने 37वें टेस्ट शतक के साथ रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कराने का सिलसिला जारी रखा.**

दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के तीसरे टेस्ट के दूसरे दिन अपना शतक पूरा किया और राहुल द्रविड़ और स्टीव स्मिथ को पीछे छोड़ दिया, जिनके 36वें टेस्ट शतक हैं.इससे पहले जो रूट भारत के खिलाफ पहले दिन 3000 टेस्ट रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज बने थे. अब जो रूट सबसे ज्यादा टेस्ट शतक लगाने वाले बल्लेबाजों में पांचवें स्थान पर हैं. रूट सचिन तेंदलुकर, जैक कैलिस, रिकी पोटिंग और कुमार संगाकारा के क्लब में एंट्री मार चुके हैं. इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट ने अपने टेस्ट करियर का 37वां शतक लगाकर खुद को एक खास क्लब में शामिल कर लिया है. रूट पहले दिन 99 रन बनाकर नाबाद रहे और उन्होंने दिन का पहला रन बनाते ही शतक पूरा कर लिया. दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने के मामले में संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर कर लिया है.रूट और कुमार संगकारा के नाम 38 टेस्ट शतक हैं. रूट को संगकारा की बराबरी करने के लिए एक शतक लगाने के जरूरत है.




### टेस्ट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले खिलाड़ी

| |
|---|
| 51 - सचिन तेंदुलकर (329 पारी) |
| 45 - जैक्स कैलिस (280 पारी) |
| 41 - रिकी पोंटिंग (287 पारी) |
| 38 - कुमार संगकारा (233 पारी) |
| 37* - जो रूट (284 पारी) |

### भारत के खिलाफ सर्वाधिक टेस्ट शतक लगाने वाले खिलाड़ी

| |
|---|
| जो रूट - 11 |
| स्टीव स्मिथ - 11 |
| रिकी पोंटिंग - 8 |
| विव रिचर्ड्स - 8 |

### तीसरे टेस्ट के दूसरे दिन इंग्लैंड 7 विकेट पर 318 रन

इस मैच की बात करें तो इंग्लैंड ने पहले दिन के अंत तक 83 ओवर में 4 विकेट गंवाकर 251 रन बनाए थे . आज दूसरे दिन की शुरुआत में ही इंग्लैंड ने एक के बाद एक 3 विकेट गंवा दिए . इस समय इंग्लैंड का स्कोर 98 .4 ओवर में 7 विकेट पर 318 रन है . स्मिथ 38 और कार्स 16 पर खेल रहे हैं .

### बुमराह ने तोड़ा कपिल देव का रिकॉर्ड




भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने शुक्रवार को लॉर्ड्स में इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट के दौरान एक और मील का पत्थर हासिल किया। उन्होंने अपने करियर का 15वां पांच विकेट हॉल (फाइफर) लेते हुए, विदेशी धरती पर सर्वाधिक फाइफर लेने वाले भारतीय गेंदबाज बनने का कपिल देव का रिकॉर्ड तोड़ दिया।बुमराह ने अपने 35वें मैच में यह 13वां फाइफर दर्ज किया, जबकि कपिल देव ने 66 मैचों में 12 फाइफर लिए थे। पहले दिन नई गेंद से विकेट रहित रहने के बावजूद, बुमराह ने तीसरे सत्र में हैरी ब्रूक का डिफेंस तोड़कर अपना पहला विकेट लिया। दूसरे दिन सुबह नई गेंद से उन्होंने तेजी से तीन विकेट झटके, जिसमें कप्तान बेन स्टोक्स और शतकवीर जो रूट शामिल थे। उन्होंने क्रिस वोक्स को भी पहली ही गेंद पर आउट किया। इसके बाद, बुमराह ने जोफ्रा आर्चर को चार रन पर बोल्ड कर अपना पांचवां विकेट पूरा किया।

**विदेशी धरती पर सबसे ज्यादा 5 विकेट हॉल**

**35 टेस्ट में 13 बार पांच विकेट झटके**

### विदेशी धरती पर भारत के लिए सर्वाधिक फाइफर

| |
|---|
| जसप्रीत बुमराह - 13 फाइफर (35 मैच) |
| कपिल देव - 12 फाइफर (66 मैच) |
| अनिल कुंबले - 10 फाइफर (69 मैच) |
| ईशांत शर्मा - 9 फाइफर (62 मैच) |
| आर. अश्विन - 8 फाइफर (40 मैच) |



# फाइनल में अल्काराज़

## विंबलडन सेमीफाइनल में फ्रिट्ज़ को हराकर रचा इतिहास

**लंदन, 11 जुलाई. दो बार के विंबलडन चैंपियन कार्लोस अल्काराज़ ने पुरुष एकल सेमीफाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए विश्व नंबर पांच टेलर फ्रिट्ज़ को 6-4, 5-7, 6-3, 7-6(6) से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।**

**फ्रिट्ज़ को 6-4, 5-7, 6-3, 7-6(6) से हराया**

**भीषण गर्मी में दो घंटे 49 मिनट तक चला मुकाबला**

**चौथे सेट के टाईब्रेक में बचाए दो सेट पॉइंट**

**लगातार तीसरी बार फ्रिट्ज़ पर दर्ज की जीत**

यह जीत अल्काराज़ की फ्रिट्ज़ पर लगातार तीसरी जीत है, जो दो घंटे 49 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में आई। लंदन की भीषण गर्मी में अल्काराज़ ने चौथे सेट के टाईब्रेक में दो सेट पॉइंट बचाए और अपनी शानदार फॉर्म बरकरार रखी।

### महिला युगल सेमीफाइनल

कोर्ट 1 पर, वेरोनिका कुदेरमेतोवा और एलिस मर्टेंस ने ओलिविया गाडेकी और डेसीरे क्रावज़िक को 3-6, 6-0, 6-3 से हराया।

### महिला युगल सेमीफाइनल

कैटरीना सिनियाकोवा और टेलर टाउनसेंड का मुकाबला सु-वेई हसिह और येलेना ओस्टापेंको से होगा।

### पुरुष दूसरा सेमीफाइनल

दूसरे सेमीफाइनल में सिनर और जोकोविच के बीच चल रहा है. सिनर ने इस साल फ्रेंच ओपन में जोकोविच को तीन सेटों में हराया था और अब वह विंबलडन में अपनी पहली खिताबी जीत की तलाश में हैं। दूसरी ओर, जोकोविच ने पिछले 10 विंबलडन पुरुष एकल खिताबों में से छह जीते हैं.

## एक नजर में

### राउंड ऑफ 16 में मिनर्वा एकेडमी

**नई दिल्ली.** मिनर्वा एकेडमी एफसी ने हेलसिंकी कप 2025 के नॉकआउट चरण में शानदार शुरुआत करते हुए राउंड ऑफ 32 में फिनलैंड के क्लब जीआरआईएफके को 7-0 से हराया। इस जीत के साथ वे प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं। मिनर्वा ने ग्रुप चरण के सभी चार मैच जीते थे, जिसमें 24 गोल किए और एक भी गोल नहीं खाया। मिनर्वा ने मैच पर शुरू से ही नियंत्रण रखा। राज ने हैट्रिक लगाई, जबकि चेतन, योहेनबा, राजेश और रीसन ने भी गोल किए। टीम ने अब तक पांच मैचों में 31 गोल किए हैं और एक भी गोल नहीं खाया है। मिनर्वा की मजबूत डिफेंस, प्रभावी मिडफील्ड और कुशल फॉरवर्ड लाइन ने उन्हें खिताब का प्रबल दावेदार बना दिया है।

### पीएसजी ने रियाल को 4-0 से रौंदा

**ईस्ट रदरफोर्ड (अमेरिका).** चैंपियंस लीग के चैंपियन पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए फैबियान रुइज़ के दो गोल की मदद से पहले 24 मिनट में तीन गोल की बढ़त बनाकर रियाल मैड्रिड को 4-0 से करारी शिकस्त देकर क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया, जहां उसका सामना चेल्सी से होगा। रुइज़ ने छठे मिनट में और ओसमान डेम्बेले ने नौवें मिनट में डिफेंडर राउल असेंशियो और एंटोनियो रुडिगर की गलतियों का फायदा उठाकर गोल दागे। इसके बाद 24वें मिनट में रुइज़ ने जवाबी हमले में स्कोर 3-0 कर दिया। पीएसजी की तरफ से गोंकालो रामोस ने 87वें मिनट में एक और गोल किया। रियाल के किलियन एमबाप्पे अपनी पूर्व टीम के खिलाफ पहले मैच में किसी भी समय खास चुनौती पेश नहीं कर पाए।

### लेजेंड्स लीग क्रिकेट 19 नवंबर से


**नई दिल्ली.** क्रिकेट के दिग्गजों को एक साथ लाने वाली वैश्विक क्रिकेट प्रॉपर्टी लेजेंड्स लीग क्रिकेट (एलएलसी) अपने चौथे सीजन के साथ वापसी कर रही है। फ्रेंचाइजी-आधारित प्रारूप का बहुप्रतीक्षित सीजन 4, 19 नवंबर से 13 दिसंबर 2025 तक भारत के सात शहरों में क्रिकेट प्रशंसकों का मनोरंजन करेगा। पिछले सीजनों की शानदार सफलता के बाद, सीजन 4 को और अधिक भव्य, बड़ा और उज्जवल बनाने का वादा किया गया है, जिसमें पहले से कहीं अधिक मैच, स्टार खिलाड़ी और शहर शामिल होंगे। प्रशंसक रोमांचक ऑन-फील्ड एक्शन और उच्च-ऑक्टेन माहौल में फिर से जीवित हुई प्रतिष्ठित क्रिकेट प्रतिद्वंद्विता की उम्मीद कर सकते हैं। लेजेंड्स लीग क्रिकेट के चेयरमैन विवेक खुशालानी ने कहा, हम लेजेंड्स लीग क्रिकेट के सीजन 4 की घोषणा करते हुए रोमांचित हैं। इस साल, हम अधिक मैचों, विस्तारित स्थानों और दिग्गज खिलाड़ियों के एक बड़े पूल के साथ स्तर बढ़ा रहे हैं। यह क्रिकेट का एक उत्सव होने जा रहा है, और हम भारत को फिर से रोशन करने के लिए तैयार हैं।

### हॉकी झारखंड ने सेमीफाइनल में बनाई जगह

**रांची (झारखंड).** 15वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025 के क्वार्टर फाइनल मुकाबले गुरुवार को रांची के मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में रोमांचक अंदाज में संपन्न हुए। हॉकी इंडिया की एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, हॉकी हरियाणा, हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा, हॉकी मिजोरम और हॉकी झारखंड ने शानदार प्रदर्शन और दबाव में बेहतरीन खेल दिखाते हुए सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है।दिन का सबसे रोमांचक मुकाबला हॉकी झारखंड और हॉकी मध्य प्रदेश के बीच रहा, जो निर्धारित समय में 1-1 की बराबरी पर समाप्त हुआ। नौशीन नाज़ (33वें मिनट) ने मध्य प्रदेश को बढ़त दिलाई, लेकिन झारखंड की सुगन सांगा (44वें मिनट) ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर स्कोर बराबर कर दिया। गतिरोध जारी रहा, जिससे मैच शूटआउट में चला गया। शूटआउट में, झारखंड ने मध्य प्रदेश को 5-4 से हराया।

### तीरंदाज खेल के साथ पूरी कर सकेंगे उच्च शिक्षा

**नयी दिल्ली.** भारतीय तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा की उपस्थिति में आज दिल्ली भाजपा अध्यक्ष एवं एएआई के महासचिव वीरेंद्र सचदेवा ने नोएडा स्थित एमिटी यूनिवर्सिटी के साथ तीरंदाजों की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए एक साझेदारी पर हस्ताक्षर किए। यूनिवर्सिटी के प्रमोटर अशोक चव्हाण ने तीरंदाजी खिलाड़ियों को समर्थन देने के लिए इस करार पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर अर्जुन मुंडा और वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि वर्षों से भारतीय तीरंदाजी संघ ने यह देखा है कि कई एथलीट्स को एक बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ता है- कठोर प्रशिक्षण कार्यक्रमों और राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के कारण अपनी शिक्षा पूरी कर पाना उनके लिए कठिन हो जाता है। अक्सर खिलाड़ी कॉलेजों में प्रवेश तो लेते हैं, लेकिन कक्षाओं में भाग नहीं ले पाते या परीक्षा नहीं दे पाते, जिससे उनकी अकादमिक प्रगति बाधित होती है।



# अब दबदबा बनाना है मकसद

## टीम का माहौल और आत्मविश्वास अलग : राधा यादव

**मैनचेस्टर, 10 जुलाई.अपनी स्पिन गेंदबाजी से भारत की इंग्लैंड के खिलाफ महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में ऐतिहासिक जीत में अहम भूमिका निभाने वाली बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव ने कहा कि टीम कोई बड़ी उपलब्धि हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध थी।**

- **राधा यादव ने फिर रच दिया इतिहास**
- **भारत ने 17 ओवर में लक्ष्य किया हासिल**

बाएं हाथ की स्पिन जोड़ी राधा (2/15) और श्री चरणी (2/30) तथा अनुभवी दीप्ति शर्मा (1/29) ने मिलकर पांच विकेट लिए, जिससे इंग्लैंड की टीम चौथे मैच में सात विकेट पर 126 रन ही बना सकी। भारत ने 17 ओवर में लक्ष्य हासिल करके पांच मैचों की श्रृंखला में 3-1 की अजेय बढ़त बना ली।

राधा ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, ''इस बार का विश्वास और समर्पण वाकई अलग है। मुझे पहले के बारे में तो नहीं पता, लेकिन इस बार टीम का माहौल बहुत शानदार है और हम आगे भी बड़ी उपलब्धि हासिल करना चाहते हैं।'' बाएं हाथ की स्पिनर ने कहा कि हालांकि टीम को अभी भी कुछ क्षेत्रों में सुधार करना है, लेकिन वह हर हाल में दबदबा बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, ''दबदबा बनाकर खेलना ऐसा रास्ता है जिस पर हम जाना चाहते हैं। हम जानते हैं कि अभी हमें कुछ क्षेत्रों में सुधार करने की जरूरत है लेकिन यह अलग टीम है जो हावी होकर खेलना चाहती है।''

# कार्लसन ने चैटजीपीटी को शतरंज में हराया

## 53 चालों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को दी मात

**नई दिल्ली, 11 जुलाई (वार्ता) शतरंज के दिग्गज मैग्नस कार्लसन, जो पहले ही पांच क्लासिकल विश्व चैंपियनशिप और रैपिड तथा ब्लिट्ज दोनों प्रारूपों में शीर्ष वैश्विक रैंकिंग के साथ ओवर-द-बोर्ड शतरंज की दुनिया में अपना दबदबा बना चुके हैं, अब अपना ध्यान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की चुनौतियों का सामना करने पर केंद्रित कर रहे हैं।**

- **बोले, सफाई से जीता, एआई ने शुरुआत अच्छी की**

नॉर्वे के इस खिलाड़ी ने हाल ही में ओपनएआई के संवादी एआई, चैटजीपीटी के साथ शतरंज के खेल में मुकाबला किया और बिना एक भी मोहरा गंवाए निर्णायक जीत हासिल की। कार्लसन ने 53 चालों के बाद एआई को हार मानने पर मजबूर कर दिया।



अपनी जीत के स्क्रीनशॉट साझा करते हुए, कार्लसन ने मजाकिया अंदाज में कहा, मैं कभी-कभी यात्रा करते समय ऊब जाता हूँ। तस्वीरों में चैटजीपीटी अपनी हार स्वीकार करते हुए कह रहा है, मेरे सारे मोहरे चले गए हैं। आपने एक भी मोहरा नहीं गंवाया है। आपने अपनी जीत की शर्त पूरी तरह से पूरी की. जैसा कि तय हुआ था, मैं हार मानता हूँ। यह व्यवस्थित, साफ और सटीक था।

### पांच गेंद में पांच विकेट

**डबलिन 11 जुलाई (वार्ता)** आयलैंड के ऑलराउंडर कर्टिस कैम्फर पेशेवर क्रिकेट में पांच गेंदों में पांच विकेट लेकर इतिहास रच दिया है। वह यह कारनामा करने वाले पहले गेंदबाज हैं। मुनस्टर रेड्स के कप्तान कैम्फर ने इंटर-प्रोविंसियल टी-20 ट्रॉफी में नॉर्थ-वेस्ट वॉरियर्स के खिलाफ यह उपलब्धि हासिल की। पाँच विकेटों में से पहले विकेट जेरेड विल्सन 12वें ओवर की आखिरी गेंद पर आउट हुए. अगली गेंद पर, ग्राहम ह्यूम बैकफुट पर पगबाधा हो गए. इसके साथ ही 14वें ओवर की पहली गेंद पर एंडी मैकब्राइन डीप मिडविकेट की ओर स्लॉग शॉट खेलने में चूक गए। कैम्फर ने इस मैच कुल 2.3 ओवर की गेंदबाजी करते हुए 16 रन देकर पांच विकेट झटके।

# भारत-ए ने आयरलैंड को हराया

## यूरोपीय दौरे पर किया 6-0 से किया पराजित

**आइंडहोवन (नीदरलैंड), 10 जुलाई।** भारत ए पुरुष हॉकी टीम ने यूरोपीय दौरे पर अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए यहां हॉकी क्लब ओरांजे रूड में आयरलैंड को 6-0 से करारी शिकस्त दी।

- **मोहम्मद राहील मौसीन ने किए लगातार दो गोल**

यह भारत ए की आयरलैंड के खिलाफ लगातार दूसरी जीत है, जिसे उसने दौरे के पहले मैच में 6-1 से हराया था।उत्तम सिंह ने भारत ए के लिए पहला गोल किया, जिसके बाद कप्तान संजय ने स्कोर 2-0 कर दिया। इसके बाद मिडफील्डर मोहम्मद राहील मौसीन ने लगातार दो गोल दागे। अमनदीप लाकड़ा और वरुण कुमार ने एक-एक गोल किया।भारतीय टीम का अगला मुकाबला शनिवार को फ्रांस से होगा।

भारतीय कोच शिवेन्द्र सिंह ने कहा कि टीम आयरलैंड के खिलाफ किए गए शानदार प्रदर्शन को फ्रांस के खिलाफ होने वाले मैच में भी जारी रखना चाहेगी।उन्होंने कहा, ''आयरलैंड के खिलाफ हमारे दो मैच वाकई अच्छे रहे हैं और मैं खिलाड़ियों के प्रदर्शन से खुश हूं। अब हमारा सामना फ्रांस से होगा और मुझे उम्मीद है कि हमारी टीम अपना प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखेगी। आयरलैंड और फ्रांस के अलावा भारत दो सप्ताह के अपने यूरोपीय दौरे में इंग्लैंड, बेल्जियम और मेजबान नीदरलैंड के खिलाफ भी खेलेगा।

**लक्ष्य** — **90 मीटर थ्रो की निरंतरता पर फोकस, यूरोप में 57 दिनों का ट्रेनिंग शेड्यूल, ट्रेनिंग खर्च का अनुमान 19 लाख रुपये**

# विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में दूसरा स्वर्ण जीतना लक्ष्य

**गुरुग्राम 11 जुलाई.** भारत के स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने शुक्रवार को बताया कि उन्होंने अपने खेल में एक समस्या क्षेत्र की पहचान कर ली है और वे इसे जल्द से जल्द दूर करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। चोपड़ा का लक्ष्य इस साल के अंत में टोक्यो में होने वाली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अपना दूसरा स्वर्ण पदक जीतना है।

चोपड़ा 13 से 21 सितंबर तक टोक्यो में होने वाली विश्व चैंपियनशिप के लिए अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए चेक गणराज्य के प्राग और निम्बार्क में 57 दिनों तक प्रशिक्षण लेंगे। वह शुक्रवार रात अपने फिजियो ईशान मारवाह के साथ यूरोप के लिए रवाना होंगे और 5 सितंबर तक वहीं रहेंगे। इस पूरे प्रशिक्षण का खर्च 19 लाख रुपये आएगा।




चोपड़ा ने कहा, मैंने उन क्षेत्रों की पहचान कर ली है जिन पर मुझे काम करने की जरूरत है। भाला फेंकते समय मैं अक्सर अपनी बाईं ओर बहुत अधिक झुक जाता हूं। हमें इस पर काम करने की जरूरत है। प्रशिक्षण में मैं ऐसा नहीं करता, लेकिन प्रतियोगिता में अतिरिक्त प्रयास के कारण ऐसा हो जाता है।

### मेरे कोच खुश हैं

दो बार के ओलंपिक पदक विजेता ने यह भी कहा कि उन्हें 90 मीटर का आंकड़ा अधिक बार छूने के लिए अपनी निरंतरता पर काम करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, 卐मैंने इस साल 90 मीटर हासिल कर लिया है, लेकिन इसे अधिक बार हासिल करने के लिए मुझे और अधिक निरंतर प्रदर्शन करने की जरूरत है। मैं लगातार 88-89 मीटर के आसपास फेंक रहा हूं, और मेरे कोच खुश हैं, लेकिन मुझे और अधिक निरंतर होने की जरूरत है। चोपड़ा का अगला बड़ा लक्ष्य विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पोडियम के शीर्ष पर पहुंचना है।उन्होंने कहा, 卐मेरा अगला लक्ष्य विश्व चैंपियनशिप है, और मैं वहां जीतना चाहता हूं। विश्व चैंपियनशिप से पहले, मैं अपने कोच के साथ योजना बनाऊंगा और देखूंगा कि मैं किस स्पर्धा में प्रतिस्पर्धा कर सकता हूं ताकि मैं इसके लिए सबसे अच्छी तैयारी कर सकूं।